# प्रेस नोट-थाना पुवायाँ

## जनपद शाहजहाँपुर

### दिनांक - 14.08.2026

## थाना पुवायाँ पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार अपराध की रोकथाम एवं चिन्हित किये गये अपराधियों, वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी पुवायाँ के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना पुवायाँ के कुशल नेतृत्व में थाना पुवायाँ पुलिस टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई।

### संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 27.07.2026 को वादी श्री रामचन्द्र पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम मुकीमपुर, थाना पुवायाँ, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना पुवायाँ पर दी गई तहरीर के आधार पर मु०अ०सं० 443/26 धारा 108 बीएनएस बनाम हितेश अवस्थी पुत्र श्री रामसहाय निवासी ग्राम मुकीमपुर, थाना पुवायाँ, जनपद शाहजहाँपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त द्वारा वादी की पत्नी के चाल-चलन पर गलत आरोप लगाते हुए उसके साथ गाली-गलौज एवं मारपीट (थप्पड़ मारना) की गई, जिससे आहत होकर वादी की पत्नी द्वारा लखपेड़ा बाग के पास जिन्द बाबा मजार के निकट जहरीला पदार्थ खा लिया गया। उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गई। उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त हितेश अवस्थी पुत्र श्री रामसहाय, निवासी ग्राम मुकीमपुर, थाना पुवायाँ, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 25 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर थाना पुवायाँ पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 14.08.2026 को समय प्रात: 08:25 बजे मोहम्मदी मोड़ पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

हितेश अवस्थी पुत्र श्री रामसहाय निवासी ग्राम मुकीमपुर थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर उम्र 25 वर्ष।

### पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 443/26 धारा 108 बीएनएस थाना पुवायाँ शाहजहाँपुर।

### गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान का विवरण-

दिनांक 14.08.2026 को समय प्रात: 08.25 बजे, मोहम्मदी मोड़ पुल के नीचे से थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. व0उ0नि0 श्री अशोक कुमार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
2. का0 1879 विष्णु कुमार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर